
शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद

# सृजन बालगीत

## भाग- 3

रविवार, 13.06.2021



क्रमांक 60 से 83 तक

## शैक्षिक बाल गीतों का संकलन

### काव्यांजलि

### दैनिक सृजन टीम

आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ।

# 9458278429

◆आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ◆
◆शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण◆
मिशन शिक्षण संवाद
सृजन बालगीत
दिन व दिनाँक
13/06/2021 रविवार
क्रमांक
60

# कोयल



कोयल गाती मीठे स्वर में,
कुहू-कुहू इठलाती है।
बाग में बैठी है डाली पर,
सबको तान सुनाती है।।



आम के झुरमुट छिपकर बैठी,
डाल-डाल इतराती है।
सबको लगती प्यारी कोयल,
हर मन को ये लुभाती है।।

कोयल काले रंग की लेकिन,
स्वर मीठा ही गाती है।
हम भी मीठे बोल ही बोलें,
सबको सदा बताती है।।



रचना
शिखा वर्मा (इं०प्र०अ०)
उ० प्रा० वि० स्योढ़ा, बिसवाँ, सीतापुर

new text

◆आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ◆
◆शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण◆
मिशन शिक्षण संवाद
सृजन बालगीत
दिन व दिनाँक
रविवार, 13/06/2021
क्रमांक
61

# प्रार्थना



**ईश्वर हमको दो वरदान,**
**पढ़-लिख कर हम बने महान।**
**नाम करें रोशन हम सबका,**
**ऐसा दो हमको वरदान।।**



**सारे जग को हम महकाएँ,**
**चिड़ियों सा आँगन चहकाएँ।**
**काम करें हम इतने अच्छे,**
**सब हमारे ही गुण गाएँ।।**

रचना-
भावना शर्मा (प्र०अ०)
प्रा० वि० नारंगपुर
परीक्षितगढ़, मेरठ



◆आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ◆
◆शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण◆

मिशन शिक्षण संवाद
सृजन बालगीत

दिन व दिनाँक
13/06/2021 रविवार

क्रमांक
62

# मधुमक्खी रानी

प्यारी-प्यारी मधुमक्खी रानी,
मेहनत करती, है बड़ी सयानी।
फूलों का रस ले कर आती,
मीठा-मीठा शहद बनाती।।

छत्ते में सब भरती जाती,
झुण्ड बनाकर उड़ती जाती।
वैद्य जी शहद से औषधि बनाते,
गुणकारी बहुत है, हमें बताते।।



रचना
रश्मि शर्मा (स०अ०)
प्रा० वि० विशुननगर
खैराबाद, सीतापुर

◆आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ◆
◆शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण◆
क्रमांक 63
मिशन शिक्षण संवाद
सृजन बालगीत
दिन व दिनाँक
रविवार, 13/06/2021

# प्रकृति

प्रकृति का सुन्दर नजारा,
इसको देखता दिल हमारा।
इतनी सुन्दर इतनी प्यारी,
यह सुन्दर प्रकृति हमारी।।





पौधे लगाएँ वृक्ष लगाएँ,
इस प्रकृति को हरा-भरा बनाएँ।
इस प्रकृति को रखेंगे सुन्दर,
यह नियम हम आज बनाएँ।।

रचना
प्रकृति वशिष्ठ
कक्षा-5
के०वी०पी०एस०
परीक्षितगढ़, मेरठ



◆आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढाएँ◆
◆शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण◆
मिशन शिक्षण संवाद
सृजन बालगीत
दिन व दिनाँक
रविवार
13/06/2021
क्रमांक
64

# आम



फलों का राजा होता आम,
खूब लुभाता हमको आम।



लगता खूब अच्छा आम,
खट्टा-मीठा होता आम॥

खूब विटामिन इससे पाओ,
दूध के संग मजे से खाओ।







देख-देख ना तुम ललचाओ,
आओ भइया संग में खाओ॥



रचना :- शिप्रा सिंह (स०अ०)
उ० प्रा० वि० रूसिया
अमौली, फतेहपुर

◆आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढाएँ◆
◆शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण◆
मिशन शिक्षण संवाद
सृजन बालगीत
दिन व दिनाँक
रविवार 13.06.2021
क्रमांक
65

# बस्ते से बातें



बहुत समय से तुमने मुन्ना,
मुझे कन्धे पर नहीं सजाया।
एक कोने में रखकर मुझको,
खुशी-खुशी मोबाइल अपनाया।।

तुम तो मेरे दोस्त हो खास,
समझते हो मेरे मन की बात।
अगर न होता यह मोबाइल,
मैडम से ना होती बात।।



नहीं हो पाती मेरी पढ़ाई,
दोस्त! करो ना मुझसे लड़ाई।
तुम्हें कन्धे पर सजाऊँगा,
स्कूल फिर से जाऊँगा।।

रचना:- भागीरथी पाण्डे,(प्र० अ०)
रा० प्रा० वि० परमा,
ब्लॉक हल्द्वानी, नैनीताल




# हाथी राजा

मोटे-मोटे हाथी राजा,
जंगल-जंगल जाते हैं।
झूम-झूम कर चलते हैं,
लम्बी सूँड हिलाते हैं।।





कान इनके सूप जैसे,
इन्हें खड़े हिलाते हैं।
आगे दाँत दो बड़े-बड़े,
केला शौक से खाते हैं।।



रचना- शहनाज़ बानो (स०अ०)
उच्च प्रा० वि०- भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट

# मिशन शिक्षण संवाद
## सृजन बालगीत

दिन व दिनाँक
रविवार 13/06/2021

क्रमांक 67

# वर्षा रानी

*वर्षा रानी आ गयी,*
*पेड़ों पर हरियाली छा गयी।*
*भर गए सब ताल-तलैया,*
*मेंढक नाचे ता-ता थैया।।*



*बादल भी खुशी से झूमें,*
*बूँदों सँग धरती को चूमें।*
*मोर, पपीहा, बुलबुल गाएँ,*
*फूलों पर तितली मंडराएँ।।*



*बिजली चमके चम-चम,*
*देख कर डर गए हम।*
*आँगन में भर गया पानी,*
*संग नाचे हमारे वर्षा रानी।।*





रचना:- रूखसाना बानो (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय अहरौरा
जमालपुर, मिर्ज़ापुर

मिशन शिक्षण संवाद
सृजन बालगीत
दिन व दिनाँक
रविवार 13/06/2021
क्रमांक
68

# मैं पेड़ हूँ



मैं हूँ पेड़ मुझे मत काटो,
टुकड़ों-टुकड़ों में मत बाँटो।
दर्द मुझे भी होता है,
मन मेरा भी रोता है।।



मैं हूँ मित्र तुम्हारा,
सखा हूँ सबसे न्यारा।
मेरे फल मैं खुद नहीं खाता हूँ,
सब तुम्हें ही तो दे जाता हूँ।।



जहरीली गैस भी पी जाता हूँ,
शुद्ध हवा तुम तक पहुँचाता हूँ।
सूरज का भी सहूँ ताप,
में हुँ जीवन का आधार।।

कु० आयुषी (छात्रा)
कक्षा- 8
रा० उ० प्रा० वि० सारी
ऊखीमठ, रुद्रप्रयाग



# तारे

टिम-टिम करते हैं तारे,
सबको लगते हैं प्यारे।
रात में चमकते हैं,
मुझसे बातें करते हैं।।



मिलजुल कर सब रहते हैं,
सबका दुख-सुख सहते हैं।
तारा कोण में होता है,
चमकीला, नीले रंग में होता।।



मंदाकिनी और गैलेक्सी,
तारों का समूह होता।
परी मुझे ले जाती हैं,
तारों से दोस्ती कराती हैं।।



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान

रचना
ऊषा रानी (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय खाता
विकास क्षेत्र-मवाना, मेरठ

◆आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ◆
◆शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण◆

मिशन शिक्षण संवाद
सृजन बालगीत

दिन व दिनाँक
रविवार 13.06.2021

क्रमांक
70

# मदारी आया

देखो-देखो मदारी आया,
साथ में अपने भालू लाया।
मदारी जब डमरू बजाता,
भालू तब खूब नाच दिखाता।।





राजू, गोलू, पिंकी भी आयी,
सब ने खूब ताली बजायी।
जब मदारी खेल दिखाता,
बच्चों को खूब मजा आता ।।

रचना-
मृदुला वर्मा (स० अ०)
प्रा० वि०अमरौधा प्रथम
अमरौधा, कानपुर देहात



# टॉफी










मीठी-मीठी, मन को भाती,
रुपया एक खर्च कर आती।
शक्कर दूध से टॉफी बनती,
पर दीदी एक बात हैं कहती।।



ज्यादा न खाओ, यही बताती,
गुड़ की टाफी अब तो आती।
दूध व गुड़ से बन है जाती,
उसको खाओ बड़ी सुहाती।।



रचना
सतीश चन्द्र (प्र०अ०)
प्रा० वि० अकबापुर
पहला, सीतापुर

# चटनी



खट्टी, मीठी और तीखी,
जैसी ही चटनी होती है।
बड़े चाव से बच्चे खाते,
जब खाने के संग होती है।।



नमक मिर्च व खट्टी चीजों,
से मिलकर यह बनती है,
चने-चबैने और समोसों से,
सबको अच्छी लगती है।।



रचना
राजबहादुर यादव (स०अ०)
उ०प्रा०वि०शुदनीपुर
वि०ख० मड़ियाहूँ, जौनपुर

# माँ!

माँ! तू कितनी प्यारी है,
सारे जग से न्यारी है।
ईश्वर का वरदान है तू,
तुझसे ही दुनिया सारी है।।





स्वादिष्ट भोजन पका कर,
हमको रोज खिलाती है।
दुःख में हमारे दुःखी हो,
सुख में खुश हो जाती है।।

माँ! के जैसा कोई नहीं,
बस आशीर्वाद दुआएँ दे।
मत दुखाओ माँ! का दिल,
सदैव माँ! का सम्मान करें।।

रचना-
ज्योति विश्वकर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० जारी - 1
बड़ोखर खुर्द,बांदा



# जय जवान जय किसान




भइया मेरे रक्षा करते,
है सीमा पर जाके।।
पापा मेरे खेती करते,
हल औ बैल चला के।।



रक्षा करता जो सीमा पर,
उस जवान की जय हो।
भरता है जो पेट देश का,
उस किसान की जय हो।।



रचना
रामचन्द्र सिंह (स०अ०)
प्रा० वि० जगजीवनपुर-2
ऐरायाँ, फतेहपुर

# पतंगें

आसमान में उड़ती पतंगें,
मुझको बहुत प्यारी लगती हैं।
कई रंगों की होती हैं जब,
मेरे मन को लुभाती हैं।।





बहुत मन करता है मेरा भी,
आसमान की सैर करूँ।
मैं बनकर पूँछ पतंगों की,
ऊँची अपनी उड़ान भरूँ।।



रचना-
माला सिंह (स०अ०)
क०वि० भरौटा
सरधना, मेरठ

क्रमांक 76

मिशन शिक्षण संवाद
सृजन बालगीत

दिन व दिनाँक
रविवार 13/06/2021

# रेल



आओ बच्चों! खेलें खेल,
मिलकर एक बनाएँ रेल।
सीटी देकर चलती है,
पटरी से नही हटती है।।

जगह-जगह ये जाती है,
खूब सैर करवाती है।
टिंकू तुम इन्जन बन जाओ,
रानी, चिंकी तुम डिब्बे लग जाओ।।

छुक-छुक करके जायेगी,
नानी के घर पहुँचाएगी।
उछल-कूद मस्ती करके,
वापस घर को लाएगी।।



रचना
रचना रानी शर्मा (स०अ०)
प्रा०वि० नारंगपुर
परीक्षितगढ़, मेरठ

# नन्हा वीर



मैं भारत का वीर सिपाही,
मैं भी सीमा पर जाऊँगा।
बिल्कुल नहीं हटूँगा पीछे,
आगे बढ़ता जाऊँगा।।

दुश्मन थर-थर काँपे,
ऐसा जोश दिखाऊँगा।
भारत ही है मेरी माता,
इनका शीश नहीं झुकने दूँगा।।

रचना
रविता शर्मा (शिक्षिका)
कृष्णा पब्लिक स्कूल
मेरठ



# प्रार्थना

ईश्वर मुझको बड़ा बना दो,
दाढ़ी-मूँछ मुझे लगा दो।
टाई-बैल्ट और सूट पहनकर,
मैं भी आफिस जाऊँगा।।





शाम को वापिस आने पर,
मैं चाय-समोसे खाऊँगा।
काम करूँगा दिल लगा कर,
खूब नाम कमाऊँगा।।



रचना:
मोना शर्मा (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय पूठी
वि० क्षेत्र- किला परीक्षितगढ़, मेरठ

# मेरा प्यारा स्कूल

कल मैंने एक सपना देखा,
सपने में देखा स्कूल।
बच्चों से सारा भरा हुआ था,
चारों ओर लगे थे फूल।।





कोई सुनाता गीत, कविता,
कोई रहा था झूले झूल।
मुझको डाँट रही थी मैडम,
मैं था गया पहाड़े भूल।।

रचना -
स्नेह लता ( स०अ०)
प्रा० वि० नारंगपुर
वि० क्षे० परीक्षितगढ मेरठ



मिशन शिक्षण संवाद
सृजन बालगीत
दिन व दिनाँक
रविवार, 13.06.2021
क्रमांक
80

# तितली

रंग-बिरंगी प्यारी तितली,
पंख फैलाकर हवा में निकली।
फूल-फूल पर है ये मंडराती,
पकड़ू तो झट से उड़ जाती।।





इतने सुन्दर पंख तुम्हारे,
रंग-भरे हैं इनमें सारे।
बच्चे तुम्हें पकड़ने भागे,
वो पीछे तुम आगे-आगे।।



रचना-
रचना सिंह वानिया (स०अ०)
प्रा० वि० आलमपुर बुजुर्ग,
वि० क्षेत्र- रजपुरा (मेरठ )

◆आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ◆

◆शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण◆

मिशन शिक्षण संवाद

सृजन बालगीत

दिन व दिनाँक

रविवार, 13.06.2021

क्रमांक

81

# बन्दर मस्त कलन्दर



बन्दर-बन्दर मस्त कलन्दर,
डम-डम-डम-डम डमरू सुनकर।
नाच दिखाये ठुमक-ठुमककर,
करे तमाशा उछल-कूदकर।।



खौ-खौ करके हमें डराये,
खीज-खीजकर दाँत दिखाये।
जैसे ही वो पास में आये,
झट से हम पीछे हट जाएँ।।


रचना-
रीना काकरान (स०अ०)
प्रा०वि० सालेहनगर
वि० क्षेत्र- जानी, मेरठ




◆किसी भी सुझाव या शिकायत के लिए व्हाट्सएप करें- 9458278429◆

◆आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ◆
◆शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण◆
मिशन शिक्षण संवाद
सृजन बालगीत
दिन व दिनाँक
रविवार, 13.06.2020
क्रमांक
82




# पुस्तक



ज्ञान का भण्डार हैं पुस्तक,
शिक्षा का आधार हैं पुस्तक।
रंग-बिरंगे रंगों से सुसज्जित,
सबके मन को भातीं पुस्तक।।






भाषाएँ नई सिखातीं पुस्तक,
विद्यालय की जान हैं पुस्तक।
मानव की सच्ची मित्र कहलातीं,
शारदे माँ का वरदान हैं पुस्तक।।



रचना
सुप्रिया सिंह, (स0अ0)
क० वि० बनियामऊ
मछरेहटा, सीतापुर।

◆आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ◆
◆शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण◆

# मिशन शिक्षण संवाद
## सृजन बालगीत

दिन व दिनाँक
रविवार, 13/06/2021

क्रमांक
83

## अच्छी आदतें






सुबह-सुबह तुम उठना सीखो,
आलस को तुम तजना सीखो।
प्रातः स्मरण करना सीखो,
धरती माँ का वन्दन सीखो।।

माता-पिता को शीश झुकाओ,
वृद्ध-जनों का आशीष पाओ।
शौच-क्रिया और कुल्ला कर लो,
योग-क्रिया कर ऊर्जा भर लो।।








रचना- श्रीमती शुभा देवी (स०अ०)
उ० प्रा० वि० अमौली (1-8)
वि0 - अमौली, जनपद-फतेहपुर

◆किसी भी सुझाव या शिकायत के लिए व्हाट्सएप करें- 9458278429◆

# मिशन शिक्षण संवाद

# सृजन बालगीत

## रचनाकारों की सूची

60- शिखा वर्मा, सीतापुर
61- भावना शर्मा, मेरठ
62- रश्मि शर्मा, सीतापुर
63- प्रकृति वशिष्ठ (छात्रा), मेरठ
64- शिप्रा सिंह, फतेहपुर
65- भागीरथी पाण्डेय, नैनीताल
66- शहनाज़ बानो, चित्रकूट
67- रुखसाना बानो, मिर्जापुर
68- कु० आयुषी (छात्रा), रुद्रप्रयाग
69- उषा रानी, मेरठ
70- मृदुला वर्मा, कानपुर देहात
71- सतीश चन्द्र, सीतापुर
72- राजबहादुर यादव, जौनपुर
73- ज्योति विश्वकर्मा, बाँदा
74- रामचन्द्र सिंह, फतेहपुर
75- माला सिंह, मेरठ
76- रचना रानी शर्मा, मेरठ
77- रविता शर्मा, मेरठ
78- मोना शर्मा, मेरठ
79- स्नेह लता, मेरठ
80- रचना सिंह वनिया, मेरठ
81- रीना काकरान, मेरठ
82- सुप्रिया सिंह, सीतापुर
83- शुभा सिंह, फतेहपुर

**तकनीकी सहयोग**

1- जितेन्द्र कुमार, बागपत, 2- रीना काकरान, मेरठ
3- प्रतिमा उमराव, फतेहपुर, 4- मन्जू शर्मा, हाथरस

**मार्गदर्शन- राजकुमार शर्मा, चित्रकूट**

**संकलन :- काव्यांजलि दैनिक सृजन टीम**